**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2024 के प्रथम-बुधवार के लिए निर्धारित डा० मान सिंह यादव, माननीय सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1 (क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के नवयुवकों को वर्तमान में सरकारी रोजगार दिलाये जाने की कौन-कौन सी योजनाएं प्रचलित हैं, और उससे प्रदेश के नवयुवकों को कितना लाभ प्राप्त हो रहा है? | विभिन्न राजकीय विभागों में नियमित रिक्तियों की भर्ती का कार्य तद्प्रयोजन हेतु गठित चयन/भर्ती आयोग के माध्यम से किया जाता है ।<br><br>सेवायोजन विभाग द्वारा प्रदेश में बेरोजगारों हेतु रोजगार मेलों के आयोजन, सेवामित्र पोर्टल, कॅरियर काउन्सिलिंग, मिशन रोजगार, आउटसोर्सिंग आफ मैनपावर, मॉडल कॅरियर सेन्टर, शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्रों के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं।<br><br>रोजगार मेलों के माध्यम से दिनांक 01 अप्रैल, 2017 से 31 दिसम्बर, 2023 तक कुल 9,50,042 बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। |
| (ख) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

अनिल राजभर
मंत्री,
श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ०प्र०।